# 15 टोनी की डायरी

**पठन से पूर्व**

अपने दिन-प्रतिदिन की घटनाओं, अनुभवों तथा विचारों को डायरी में लिखा जाता है। डायरी लिखना एक अच्छी आदत है। इसमें बनावटीपन या दिखावा नहीं होता। इसका लाभ यह होता है कि व्यक्ति स्वयं अपनी कमियों से परिचित होता है और उन्हें दूर करने का प्रयास करता है।

**पाठ-परिचय**

इस पाठ में टोनी ने अपने स्कूल की पहली अध्यापिका सिस्टर जेम्स के स्वभाव को डायरी के रूप में लिखा है। उन्होंने यह स्वीकारा है कि उनके व्यक्तित्व निर्माण में अध्यापिका का प्रभाव रहा है। हालांकि सिस्टर जेम्स सख्त मिज़ाज थीं, परंतु उनका उद्देश्य नेक था। डायरी लेखक ने उनकी कुछ कमियों का उल्लेख करके अपने ईमानदार स्वभाव की ओर इशारा किया है।

**चर्चा करें**

बच्चों से पूछें कि उनके मन में कि[न] अध्यापक/अध्यापिकाओं के प्रति विशे[ष] सम्मान या लगाव है और क्यों। दिव्यांग [व] नेत्रहीन बच्चों के लिए उनके मन में क्या धारणा है? ऐसे बच्चों की समस्याओं के बारे में बातचीत करें। एक अच्छा नागरिक बनाने में शिक्षक की भूमिका पर आलोकपात करें।

हम जो सोचते हैं, बोलते हैं, महसूस करते हैं, पसंद या नापसंद करते हैं, वही हमारी पहचान होती है। उसी से हम जाने जाते हैं। हमारी इस पहचान बनने में अकसर हमारे शिक्षकों का बड़ा हाथ होता है, खास तौर पर हमारे पहले शिक्षक का। यह असर औरों पर कितना हुआ या होता है, यह तो मैं नहीं कह सकता पर मैं अपने आप में पहले टीचर का बहुत प्रभाव पाता हूँ। मेरी ज़िंदगी में उनके क्या मायने हैं, यह बताना बहुत मुश्किल है। उनका होना धुँध-सा फैला है मेरे अंदर, मेरे आसपास।



मेरी पहली टीचर, सिस्टर जेम्स हमें स्कूल में पढ़ाती थीं और हॉस्टल में हमारी गार्डियन भी थीं। अगर स्कूल की नन को सिस्टर कहना ज़रूरी न होता तो यकीन से कह सकता हूँ, हम हॉस्टल में रहनेवाले सभी बच्चे उन्हें मदर जेम्स ही कहते। जो समय बीत गया है, जो बातें हो चुकी हैं, उसका असर कितनी सारी जगहों पर नज़र आता है। कई ऐसी भी जगहों में, जहाँ सोचा भी नहीं जा सकता है। वरना क्यों चार-पाँच साल के बच्चे 55 साल की महिला को सिस्टर कहकर पुकारते!

उनकी आवाज़ बड़ी ऊँची और सख्त थी। वे आसपास होतीं, तो अकसर हम डरे हुए से रहते। वे हर चीज़ बड़े सलीके से करतीं और हमसे भी यही उम्मीद रखतीं। उनके लिए हर चीज़ की एक जगह होती थी और एक वक्त होता था। अपने माँ-पिता से दूर रहने वाले

## शब्दार्थ

मुश्किल = कठिन (difficult)
गार्डियन = देख-रेख करने वाला (guardian)
यकीन = विश्वास (trust, faith)
सलीका = शिष्टता, ढंग (manner)
उम्मीद = आशा (hope)
इबारत = रचना (style, sentence structure)
काफ़िर = नास्तिक, दुष्ट (unbeliever)
खौफ़ = डर (fear)
सबब = कारण (cause)

महरूम = रोका गया, वंचित (deprived
शोहरत = प्रसिद्धि (fame)
अपमान = बेइज़्ज़ती (insult)
करिश्मा = चमत्कार (miracle)
हुनर = कौशल (skill)
ताल्लुक = संबंध (relation)
असर = प्रभाव (effect)
सहमत = राज़ी होना (agree)

# अभ्यास

Comprehension based on Lesson

## पाठ से प्रश्न

1. **दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

(क) हॉस्टल में रहने वाले बच्चे सिस्टर जेम्स को मदर जेम्स क्यों कहना चाहते थे?

(ख) हॉस्टल में बच्चों के प्रति सिस्टर जेम्स का व्यवहार कैसा था?

(ग) टोनी ने बचपन में कौन-सा सबक सीखा?

(घ) टोनी के जीवन पर सिस्टर जेम्स का क्या प्रभाव पड़ा?

(ङ) 'सिस्टर जेम्स को छात्रों से बेहद प्यार था।' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

2. **प्रश्नों के सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

(क) सिस्टर जेम्स की उम्र कितनी थी?

(i) 65 साल (ii) 55 साल (iii) 85 साल

(ख) टोनी 2008 में कहाँ गया?

(i) बैंगलुरु (ii) दिल्ली (iii) मुंबई

(ग) टोनी जब बीमार था, तो उससे कौन मिलने आया?

(i) टोनी के दोस्त (ii) टोनी का भाई (iii) सिस्टर जेम्स

(घ) स्कूल में किस तरह के बच्चे पढ़ते थे?

(i) नेत्रहीन बच्चे (ii) सामान्य बच्चे (iii) दोनों

(ङ) टोनी को अस्पताल जाने के लिए किसने मनाया?

(i) डॉक्टर ने (ii) सिस्टर जेम्स ने (iii) माता-पिता ने

3. **सही कथनों के आगे सही ( ✓ ) का और गलत कथनों के आगे गलत ( × ) का निशान लगाइए।**

(क) सिस्टर जेम्स की आवाज़ बड़ी ऊँची और सख्त थी।

(ख) हॉस्टल के नियम हॉस्टल में आए मेहमानों पर लागू नहीं होते थे।

(ग) स्कूल में नेत्रहीन और सामान्य बच्चों के बैठने की व्यवस्था अलग-अलग थी।

(घ) टोनी जब पाँचवीं कक्षा में था तब सिस्टर जेम्स की बदली हो गई थी।

(ङ) डायरी लेखक पर सिस्टर जेम्स का कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

## शब्द-कौशल

Vocabulary

1. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पसंद | × नापसंद | सख्त | × मुलायम | अपमान | × सम्मान |
| खुशबू | × बदबू | दुर्भाग्य | × सौभाग्य | सहमत | × असहमत |

2. नीचे दिए विदेशी शब्दों के हिंदी समानार्थी शब्द लिखिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हॉस्टल | – छात्रावास | शोहरत | – प्रसिद्धि | खौफ़ | – डर |
| गरीब | – निर्धन | यकीन | – विश्वास | नज़र आना | – दिखाई देना |
| उम्मीद | – आशा | असर | – प्रभाव | दुनिया | – संसार |

3. श्रुतलेख लिखिए।

गार्डियन, उम्मीद, हॉस्टल, परफ़्यूम, खुशबू, जिल्लत, ताल्लुक

## भाषा-कौशल

Language-Skills

1. बच्चो! जब एक जैसे दो व्यंजन परस्पर मिलाकर लिखे जाते हैं, तो ये **द्वित्व व्यंजन** कहलाते हैं। जैसे–

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | + | क | = | **क्क** | – | पक्का |
| च् | + | च | = | **च्च** | – | बच्चा |
| त् | + | त | = | **त्त** | – | पत्ता |
| ल् | + | ल | = | **ल्ल** | – | पिल्ला |

पाठ में से द्वित्व व्यंजन वाले शब्दों को छाँटकर लिखिए।

2. नीचे दिए गए वाक्यों को उचित संबंधबोधक शब्द भरकर पूरे कीजिए।

के साथ, के पास, के बिना, के अंदर, से दूर

(क) शिक्षा ___के बिना___ मनुष्य पशु के समान है।

(ख) घर ___के अंदर___ आराम करो।

(ग) मेरा घर विद्यालय ___से दूर___ ही है।

(घ) रमेश अपने पिता जी ___के साथ___ रहता है।

(ङ) हमें बाकी बच्चों ___के पास___ ही बिठाया जाता।

पाठ 15
टोनी की डायरी

मौखिक प्रश्न

प्रश्न1 यह डायरी किसके द्वारा लिखी गई है?

उत्तर यह डायरी टोनी के द्वारा लिखी गई है।

प्रश्न2 सिस्टर जेम्स कौन थी?

उत्तर सिस्टर जेम्स स्कूल में पढ़ाती थीं और हॉस्टल की गार्डियन थी।

प्रश्न3 सिस्टर जेम्स की आवाज कैसी थी?

उत्तर सिस्टर जेम्स की आवाज बड़ी ऊँची और सख्त थी।

प्रश्न4 डायरी लेखक के अंदर किस बात का डर था और क्यों?

उत्तर डायरी लेखक के अंदर इस बात का डर था कि सिस्टर जेम्स अकसर बात-बेबात तमाचे जड़ देती थी। जब वे पढ़ा रही होतीं तो लेखक के मन में खौफ़ की लहरें उठती-गिरती रहतीं। जाने कब कौन सी बात थप्पड़ का सबब बन जाए।

प्रश्न5 स्कूल में कुल कितने नेत्रहीन बच्चे थे?

उत्तर स्कूल में केवल 12 से 14 बच्चे ही नेत्रहीन थे।

(P.T.O)

प्रश्न 6 हॉस्टल में गरीब बच्चों से कितनी फीस ली जाती थी?

उत्तर हॉस्टल में गरीब बच्चों से फीस कम ली जाती थी या पूरी माफ भी कर दी जाती थी।

प्रश्न 7 सिस्टर जेम्स जाने-अनजाने किस भेद-भाव में शामिल होती रहीं?

उत्तर हॉस्टल में फीस माफीवाले बच्चों और फीस देने वाले बच्चों के साथ एक जैसा व्यवहार नहीं होता था। सिस्टर जेम्स जाने-अनजाने ही सही इस भेद-भाव वाले व्यवहार में शामिल होती रही थी।

प्रश्न 8 डायरी लेखक के अनुसार सिस्टर जेम्स किस बात पर खुश होंगी?

उत्तर डायरी लेखक के अनुसार सिस्टर जेम्स इस बात पर खुश होंगी कि लेखक कई चीजों पर गंभीरता से सोचता है और उन पर अपने खुद के विचार रखता है।

Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

लिखित प्रश्न

प्रश्न1 हॉस्टल में रहनेवाले बच्चे मिस्टर जेम्स को मदर जेम्स क्यों कहना चाहते थे ?

उत्तर हॉस्टल में रहनेवाले बच्चे मिस्टर जेम्स को मदर जेम्स इसलिए कहना चाहते थे क्योंकि वे हॉस्टल में सब का ध्यान रखती थी और हर कार्य ~~चीज~~ को बड़े सलीके से करतीं और सब ~~से~~ बच्चों से भी यही उम्मीद रखती थीं।

प्रश्न2 हॉस्टल में बच्चों के प्रति मिस्टर जेम्स का व्यवहार कैसा था ?

उत्तर हॉस्टल में हर चीज को रखने की जगह तय थी ताकि उन्हें ढूंढना न पड़े। वे बहुत ध्यान रखती थीं कि हॉस्टल में सभी बच्चे इसका पालन करें। टाइम-टेबिल का पालन करना पड़ता था जरा भी हेरफेर उन्हे ~~मंजू~~ पसंद नहीं था

प्रश्न3 टोनी ने बचपन में कौन-सा सबक सीखा ?

उत्तर टोनी ने बचपन में ही एक कभी न भूलने वाला सबक सीख लिया था, कि पैसा न केवल खरीदने की सामर्थ्य बढ़ाता है बल्कि जिसके पास पैसा होता है वह हमेशा इज्जत, नाम, शोहरत पाता है और जिसे यह हासिल नहीं, उसे अकसर अपमान सहना पड़ता है।

प्रश्न4 टोनी के जीवन पर मिस्टर जेम्स का क्या प्रभाव पड़ा ?

(P.T.O)

उत्तर टोनी के जीवन पर सिस्टर जेम्स का यह असर हुआ कि वह जो भी बोलता है सोचता है और जो भी करता है, उस पर सिस्टर जेम्स का होना दिखता है।

प्रश्न 5 सिस्टर जेम्स को छात्रों से बेहद प्यार था। पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर सिस्टर जेम्स स्कूल में पढ़ाती थीं और हास्टल में गार्डियन भी थी। वे हर कार्य को बड़े सलीके से करतीं और बच्चों से भी यही उम्मीद रखती थी। वे हर कार्य और पढ़ाई का पूरा ख्याल रखती। वे सारे शिक्षकों से लगातार मिलतीं और विद्यार्थियों की पढ़ाई की पूरी जानकारी लेतीं।